	कार्यालय नगर निगम हैरिटेज जयपुर **(जलेबी चौक, पुराना पुलिस मुख्यालय भवन, जयपुर)**	

हेरिटेज निगम ने 70 किलो पॉलीथिन जब्त किया, 1.50 लाख रूपए कैरिंग चार्ज वसूला

जयपुर। हेरिटेज नगर निगम की स्वास्थ्य शाखा ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाते हुए मंगलवार को 70 किलो प्लास्टिक थैली को जब्त किया है, साथ ही 1.50 लाख रूपए से अधिक कैरिंग चार्ज वसूल किया है। इस संबंध में उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह नरूका ने बताया कि हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर प्लास्टिक थैली के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को अभियान के तहत निगम की टीम ने कार्रवाई करते हुए सोडाला, श्याम नगर और हसनपुरा क्षेत्र से 70 किलो थैली को जब्त किया। वहीं, स्वास्थ्य शाखा की सीएसआई और वॉच राइडर ने भी कार्रवाई की, जिसमें मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक ने 154 चालान कर 68 हजार 600 रूपए, चालान प्रकोष्ठ ने दो चालान करते हुए 66 हजार रूपए और वॉच राइडर ने 28 चालान करते हुए 15500 रूपए का रूपए वसूले है। निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि निगम के स्वच्छता प्रहरी लगातार क्षेत्र में जाकर लोगों से गंदगी नहीं फैलाने पर समझाइश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आमजन को भी जयपुर को स्वच्छ बनाने में निगम का सहयोग देना चाहिए। सड़क पर कचरा नहीं फेंकना चाहिए। अपने घर और कार्यालय में सूखा कचरा और गीला कचरा अलग – अलग कचरा पात्र में डालें और कचरा सीधा हूपर में ही डालें। सभी पॉलिथीन का उपयोग करने से बचें और कपडे एवं जूट से बने हुए थैलों का प्रयोग करें।